Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to release a Commemorative Postage Stamp in Honour of Shriram Bhikaji Velankar, Father of PIN Code System in India

डॉ. जयसिद्धेश्वर शिवाचार्य स्वामीजी (शोलापुर): श्रीराम भिकाजी वेलणकर को भारतीय पोस्टल इंडेक्स नंबर कोड सिस्टम का जनक माना जाता है। भारत में दुनिया का सबसे बड़ा पोस्टल नेटवर्क है। देशभर में लगभग डेढ़ लाख पोस्टल ऑफिस है। उनकी बनाई इस पिन कोड प्रणाली ने पत्र और पैकेजों को वितरित करने में मदद करके डाक वितरण में क्रांति ला दी। इस पिन कोड प्रणाली ने बड़ी कुशलता से वितरण की सुविधा प्रदान की। इसके तहत भारत को क्षेत्रों में विभाजित किया गया था और प्रत्येक क्षेत्र को विशिष्ट पिन कोड दिया गया। इस कोड का पहला अंक उस राज्य विशेष को इंगित करता है। श्रीराम वेलणकर को संस्कृत और पाली भाषाओं का भी अच्छा ज्ञान था।

साहित्य अकादमी ने उन्हें 20वीं शताब्दी का काव्यगंगा प्रवाहः आमची संस्कृत कविता संकलित करने के लिए नियुक्त किया था।

अतः मैं माननीय दूरसंचार मंत्री जी से नम्र निवेदन करता हूं कि श्रीराम वेलणकर जी का कार्य परिचय देखते हुए उनके नाम पर डाक टिकट जारी किया जाए ।